an>

Title: Need to release funds for construction of new building for Kendriya Vidyalaya No.1, Ahmednagar, Maharashtra.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेतू अहमदनगर में चल रहे केन्द्रीय विद्यालय नं.-1 के भवन की ओर दिलाना चाहता हूँ। भवन की हालत खस्ता है और गत 5 सालों से वहाँ शैक्षणिक सतू की कक्षाएँ संचालित करने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहां ज्यादातर मिलिट्री ऑफिसर्स के बच्चें तथा छावनी क्षेतू के आसपास के निवासियों के बच्चें पढ़ते हैं। उनके सामने कड़ी चुनौती है कि अपना बच्चा विद्यालय से ठीक तरह से घर आये, वहां कोई बिल्डिंग की छत न गिरे यही प्रार्थना अभिभावक को हर दिन करनी पड़ती है। विद्यालय भवन निर्माण हेतु मैंने स्थानीय अधिकारियों से चर्चा करके दो साल पहले एक पूस्ताव भी सरकार को भेजा है, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक उसे मंजूरी पूदान नहीं की है। इसलिए, विद्यालय के लिए नया भवन निर्माण कार्य पूारंभ नहीं हो सका। सेना के जवान एवं अधिकारी देश की रक्षा करते हैं। उन्हें अपने परिवार की चिंता से मुक्त करने के लिए सरकार को पूाथमिकता देनी चाहिए। लेकिन मेरे संसदीय क्षेतू में देश का सबसे बड़ा और सबसे पुराना छावनी क्षेतू होते हुए भी सरकार द्वारा अनदेखी हो रही है। अतः मैं सरकार से विनती करता हूँ कि सेना के जवानों एवं अधिकारियों एवं अन्य श्रेणी के अभिभावकों के बच्चों की सुरक्षा हेतु अहमदनगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय नं.-1 के भवन निर्माण हेतु पूाथमिकता के आधार पर मंजूरी पूदान करके वहां तुरंत भवन निर्माण हेतु धनराशि आवंटित की जाये।